राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

आदिवासी महोत्सव का शुभारम्भ

अभूतपूर्व प्रतिभा के धनी हैं आदिवासी
— राज्यपाल

जयपुर, 2 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि आदिवासी समुदाय अभूतपूर्व प्रतिभा का धनी है। शिक्षा, रक्षा, पर्यावरण सुरक्षा व खेल प्रतिस्पर्धाओं सहित अभिनय के क्षेत्र में आदिवासी समुदाय ने दुनिया के सामने भारत का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा है कि इस महोत्सव में लद्दाख से लेकर कन्याकुमारी तक के लोगों ने भागीदारी निभाकर भारत की एकता का सुन्दर स्वरूप प्रदर्शित किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने जनजातीय मामलात मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आदि महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि यह उत्सव आदिवासियों द्वारा बनाये गए हस्तशिल्प को बेहतर विपणन उपलब्ध करायेगा।

राज्यपाल ने कहा कि भगवान राम ने जनजातियों के सहयोग से रावण को परास्त किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान के इतिहास में जनजातीय समुदाय का योगदान रहा है। महाराणा प्रताप ने भी जनजातियों के सहयोग से रण में दुश्मन को हराया। राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान में जनजाति विश्वविद्यालय है। यह जनजातीय लोगों को आगे बढ़ाने में सहयोगी बन रहा है।

समारोह को ट्राइफेड के अध्यक्ष श्री रमेश चंद मीणा, विधायक श्री सतीश पूनिया व कार्यकारी निदेशक श्रीमती संगीता महेन्द्रा ने संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्वमत्री श्री रामकिशोर मीणा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम में आदिवासी कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी।

—

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क) राज्यपाल